*प्रेस विज्ञप्ति*

# गो.ब. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में नवागन्तुक विद्यार्थियों हेतु 'अरुण्य' कार्यक्रम का आयोजन

पंतनगर। 30 नवम्बर 2025। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में पशुचिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय के डा. रतन सिंह सभागार में नवागन्तुक विद्यार्थियों हेतु वेटरिनरी सोसाइटी द्वारा 'अरुण्य' कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय की कुलसचिव डा. दीपा विनय के साथ अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय डा. ए. एच. अहमद, कार्यवाहक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. राजीव रंजन, स्टाफ काउंसलर डा. अमित प्रसाद एवं को–स्टाफ काउंसलर डा. अमन कंबोज उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि डा. दीपा विनय ने नवागन्तुक विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में उपलब्ध नए अवसरों का भरपूर लाभ उठाने और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करें और विष्वविद्यालय द्वारा प्रदान किए जा रहे संसाधनों का अधिकतम उपयोग करें।

अधिष्ठाता डा. ए. एच. अहमद ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के समग्र विकास के लिए सतत् प्रयासरत है और शिक्षण, अनुसंधान तथा व्यक्तित्व विकास के लिए उत्कृष्ट वातावरण प्रदान करता है।

कार्यवाहक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. राजीव रंजन ने बताया कि छात्र कल्याण विभाग विद्यार्थियों के लिए अनेक सुविधाएँ उपलब्ध कराता है, जिनका उद्देश्य उनके चौमुखी विकास को सुनिश्चित करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय एवं राज्य स्तर की खेल–कूद तथा अन्य प्रतियोगिताओं में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, स्वागत सत्र तथा परिचय कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे पूरा वातावरण उत्साह एवं ऊर्जा से भर उठा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशकगण, संकाय सदस्य तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन वेटरिनरी सोसाइटी की चेयरपर्सन कु. आयुषी उनियाल द्वारा किया गया।






